संक्षिप्त समाचार.....

एसआई भर्ती 2021 पुनः परीक्षा, सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 20 सितंबर 2026 को प्रदेश के 11 जिलों में उप-निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा-2021 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 15 सितंबर 2026 को आरपीएससी अध्यक्ष ले. कर्नल केसरी सिंह की अध्यक्षता में पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। दो घंटे से अधिक चली इस बैठक दौरान सुरक्षा प्रबंधों की व्यापक समीक्षा की गई। राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ले. कर्नल केसरी सिंह ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या डमी अभ्यर्थी बैठाने के प्रयास को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बायोमेट्रिक जांच और फेस रिकग्निशन से फर्जीवाड़े की संभावनाएं पूरी तरह से खत्म होंगी। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 के तहत त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर आतिशबाजी के अस्थाई अनुज्ञापत्र के लिए 25 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदेश नायक ने बताया कि इस वर्ष दीपावली के अवसर पर विस्फोटक (आतिशबाजी) के अस्थाई अनुज्ञापत्र दिनांक 12 अक्टूबर 2026 से 11 नवम्बर 2026 तक जारी किए जाएंगे। इसके लिए विस्फोटक नियम, 2008 के अन्तर्गत आवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 25 सितम्बर 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे अपना आवेदन पत्र सुस्पष्ट रूप से भरकर अपने थाना क्षेत्र के संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट के कार्यालय में दिनांक 25 सितम्बर 2026 तक प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्थल का ब्ल्यू प्रिंट मानचित्र की 5 प्रतियां, जिसमें आसपास के व्यावसायिक स्थलों का स्पष्ट रूप से अंकन हो, शपथ पत्र, स्वामित्व के कागजात/किरायानामा की प्रमाणित फोटोकॉपी तथा स्वयं के पासपोर्ट साइज की 2 फोटो संलग्न करना आवश्यक होगा। जारी सूचना के अनुसार अस्थाई अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन थाना शाहपुरा, मनोहरपुर, अमरसर, जमवारामगढ़, आंधी, चन्दवाजी, रायसर, नरैना, मांजी रेनवाल, माधोराजपुरा, सांभर, फुलेरा, जोबनेर, किशनगढ़-रेनवाल, गोविन्दगढ़, सामोद, कालाडेरा, दूदू, मौजमाबाद एवं फागी थाना क्षेत्रों के लिए आमंत्रित किए गए हैं।

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश ने रचा ऐतिहासिक कीर्तिमान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कीर्तिमान कायम किया है। प्रदेश में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 10 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और पर्यावरण संरक्षण के आह्वान को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक जुड़ाव से जोड़ते हुए देशभर में व्यापक जनचेतना का निर्माण किया है। राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के माध्यम से इस भावना को व्यापक जनअभियान का स्वरूप मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 करोड़ पौधों का रोपण प्रकृति के प्रति राजस्थान की सामूहिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है।

कोटा में पुनर्मतदान के दौरान हंगामा, कांग्रेस-बीजेपी कार्यकर्ता उलझे

जयपुर। राजस्थान नगरीय निकाय चुनाव 2026 के तहत प्रदेश के जयपुर, जोधपुर, कोटा और सुकेत (कोटा जिला) के 10 मतदान केंद्रों पर आज, बुधवार को सुबह 7 बजे से पुनर्मतदान जारी है। मतगणना के दौरान इन बूथों की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में आई गंभीर तकनीकी खराबी के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने मूल मतदान को रद्द करते हुए फिर से वोटिंग कराने का बड़ा निर्णय लिया था। आज सुबह से ही इन क्षेत्रों के मतदाता अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा ले रहे हैं। वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी, जिसके बाद सभी मशीनों को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में सील कर दिया जाएगा। इन 10 बूथों के भाग्य का फैसला और अटके हुए सभी नतीजों का ऐलान कल, 17 सितंबर 2026 को सुबह 8 बजे से होने वाली मतगणना के बाद कर दिया जाएगा। कोटा नगर निगम चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 87 में चल रहे पुनर्मतदान के बीच भारी हंगामा और राजनीतिक टकराव देखने को मिला है। वोटिंग प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मतदान केंद्र के बाहर ही दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर लात-घूंसे चल गए, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। इस वार्ड में मुकाबला बेहद दिलचस्प और कड़ा माना जा रहा है, जहाँ भाजपा की पुष्पा चौधरी और कांग्रेस की लक्ष्मी शर्मा के बीच सीधी टक्कर है।

सभापति के लिए सामने आए दावेदार...कहीं नाम का ऐलान तो कहीं सस्पेंस बरकरार, जानिए चित्तौड़, बूंदी एवं कुचामन के हाल...

चित्तौड़गढ़/बूंदी/कुचामन सिटी/ झुंझुनू।

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम के बाद सभापति या अध्यक्ष पदों के लिए बुधवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया तेज हुई। चित्तौड़गढ़ बूंदी एवं कुचामन-डीडवाना जिले के शहरी निकायों में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस, भाजपा एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने आवेदन किया। कहीं, पार्टियों ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया तो कहीं, एक से अधिक दावेदारों से पर्चा दाखिल कराए। कई जगह सभापति के नाम को लेकर संस्पेंस बरकरार रहा।

चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में बहुमत में आई भाजपा से सभापति पद के लिए तीन प्रमुख दावेदारों ने आवेदन दाखिल किए। पार्टी ने अभी तक प्रत्याशी के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की। भाजपा से अनिल ईनाणी, सुदर्शन रामपुरिया और शैलेंद्र झंवर ने आवेदन किया। भाजपा चुनाव प्रभारी धर्म नारायण जोशी ने बताया कि जनादेश भाजपा के पक्ष में आया है। हमारा बोर्ड बनेगा। पार्टी एक नाम पर सहमति बनाकर घोषणा कर देगी। नामांकन दाखिल करने से पहले रिटर्निंग अधिकारी ने सभी पार्षदों को शपथ दिलाई।

चित्तौड़ में कांग्रेस से राठौड़ उम्मीदवारः चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में कांग्रेस से सभापति के लिए एक मात्र आवेदन नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने भरा। सभापति पद पर नामांकन के लिए पूर्व विधायक सुरेंद्रसिंह जाडावत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद परिषद पहुंचे। रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष सभापति पद के लिए नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने पर्चा भरा। चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के 60 वार्ड हैं। इनमें 33 पर भाजपा, 23 में कांग्रेस और 4 निर्दलीय जीते हैं।बूंदी में टीकम कांग्रेस उम्मीदवारः उधर, बूंदी नगर परिषद में सभापति पद को लेकर कांग्रेस ने वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया एवं नामांकन दाखिल कराया। इसके बाद विधायक हरिमोहन शर्मा ने आरोप लगाया कि निर्दलीयों को पुलिस प्रशासन के जरिए प्रभावित कर भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने झूठे मुकदमे दर्ज कराने और जांच के नाम पर प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए। विधायक शर्मा ने मीडिया से कहा, कांग्रेस ने सभापति के लिए वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। पार्टी में शुरू से ही एक ही नाम पर चर्चा थी। कांग्रेस हाईकमान ने टीकम जैन के नाम पर अंतिम मुहर लगाई।

विधायक शर्मा ने लगाए आरोपः शर्मा ने आरोप लगाया कि वार्डों के परिसीमन से लेकर भाजपा ने मतदाताओं को प्रभावित करने तक कई स्तरों पर हस्तक्षेप किया। निर्दलीयों पर दबाव बनाने के लिए झूठे और फर्जी मुकदमे दर्ज कराने तथा इन्वेस्टिगेशन के नाम पर प्रताड़ित करने जैसी कार्रवाई की जा रही है। यह लोकतांत्रिक नहीं, बल्कि तानाशाही है। शर्मा ने कहा, तमाम परिस्थितियों और विरोधी प्रयासों के बावजूद कांग्रेस अपने प्रत्याशी को सफल बनाएगी।

राजस्थान के 'उदयपुर फाइल्स' केस के आरोपी को 7 महीने बाद ज़मानत

उदयपुर/एजेंसी। राजस्थान के बहुचर्चित उदयपुर फाइल्स वीडियो ब्लैकमेलिंग केस में एक बड़ा कानूनी घटनाक्रम सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की एक महिला नेत्री द्वारा दर्ज कराए गए संगीन आरोपों के मामले में पिछले सात माह से जेल में बंद मुख्य आरोपी विशाल गुर्जर को राजस्थान हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप शाह की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी विशाल गुर्जर को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक अन्य जमानत राशि जमा कराने की शर्त पर रिहा करने के आदेश जारी किए हैं। बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत में दलील दी कि पुलिस द्वारा जब्त की गई डिजिटल सामग्रियों और सीडी में किसी भी आपत्तिजनक वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है और मामले में चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है, जिसके बाद अदालत ने ज़मानत याचिका स्वीकार कर ली। उदयपुर के स्थानीय राजनीतिक और सामाजिक हलकों में उदयपुर फाइल्स के नाम से सुर्खियां बटोरने वाला यह मामला इस साल की शुरुआत में फरवरी महीने में सामने आया था।

बीजेपी की एक स्थानीय महिला पदाधिकारी ने उदयपुर के भूपालपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए

आरोपी पर धोखे से बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाने और फिर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के बेहद गंभीर आरोप लगाए थे। इस हाई-प्रोफाइल मामले के सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल गुर्जर को रातों-रात गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही आरोपी न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था।

निकाय चुनाव में उलटफेरः चित्तौड़ में भाजपा का बोर्ड तय, बारां में एएपी ने पलटा खेल, झुंझुनू में टूटी 32 साल पुरानी परंपरा

चित्तौड़गढ़/बारां/झुंझुनूं। राजस्थान में हुए नगरीय निकाय चुनावों की मतगणना के बाद कई जिलों में तस्वीर साफ हो गई है। चित्तौड़गढ़, बारां और झुंझुनू में अलग-अलग सियासी रंग देखने को मिले हैं। चित्तौड़गढ़ जिले के 7 निकायों में से 4 पर भाजपा को बहुमत मिला है, जबकि 3 पर कांग्रेस को बहुमत मिला है। सबसे अहम चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में भाजपा ने 60 में से 33 वार्डों में जीत हासिल की है। 4 निर्दलीय में से 3 के भी भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आई है। वहीं, बारां नगर परिषद में आम आदमी पार्टी ने बड़ा उलटफेर कर दिया है। 60 वार्डों में से,क्क ने 31 वार्ड जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को 18 और भाजपा को महज 9 सीटों से संतोष करना पड़ा, जबकि 2 सीटों पर निर्दलीय जीते हैं। अटरू नगर पालिका में कांग्रेस

और मांगरोल में भाजपा ने बहुमत हासिल किया है, जबकि अंता, छबड़ा और सीसवाली में कोई भी दल बहुमत में नहीं है। यहां निर्दलीय किंगमेकर की भूमिका में हैं। झुंझुनू नगर परिषद में कांग्रेस ने अपना गढ़ बचा लिया है। 60 वार्डों में से कांग्रेस को 30 सीटें मिली हैं। भाजपा और निर्दलीय को 15-15 वार्डों में जीत मिली है। बहुमत के करीब होने से कांग्रेस का ही सभापति बनना तय माना जा रहा है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहाः चित्तौड़गढ़ जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ। मंजू ने बताया कि सभी 7 निकायों की मतगणना शहीद मेजर नटवरसिंह शक्तावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुबह 8 बजे शुरू की गई। चार चरणों में मतगणना पूरी कर तत्काल परिणाम घोषित किए गए। प्रत्येक निकाय के लिए अलग रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया था। सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

चित्तौड़गढ़ में 33 सीट पर भाजपा की जीत, मनाया जश्नः चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में 60 में से 33 सीट जीतकर भाजपा ने बोर्ड बना लिया है। कांग्रेस को 23 और निर्दलीय को 4 सीट मिली हैं, जिनमें से 3 भाजपा समर्थित बताए जा रहे हैं।

उदयपुर-चित्तौड़गढ़ में भाजपा का दबदबा, प्रतापगढ़ में निर्दलीय बने किंगमेकर

उदयपुर/एजेंसी। नगर निगम चुनाव के नतीजों में भाजपा ने एक बार फिर शहर की सियासत में अपना दबदबा कायम रखा है। उदयपुर नगर निगम के सभी 80 वार्डों के परिणाम सामने आने के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पार्टी ने 53 वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के खाते में 23 सीटें आई। एक वार्ड में माकपा और तीन वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। परिणामों ने निगम में भाजपा की लगातार सातवीं बार बोर्ड बनाने की स्थिति मजबूत कर दी है।

चुनाव में कई राजनीतिक परिवारों और प्रमुख नेताओं से जुड़े प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ। गिरिजा व्यास के भाई की बहू डॉ। हितांशी शर्मा ने वार्ड 73 से भाजपा की लवली जैन को हराया। यह मुकाबला चुनाव के दौरान खासा चर्चित रहा था। भाजपा के महापौर पद के दावेदारों में शामिल प्रमोद सामर, पारस सिंघवी और अतुल चंडालिया की जीत ने निगम की आगामी राजनीति को चर्चा में ला दिया है।

कांग्रेस के लिए भी कुछ परिणाम राहत देने वाले रहे। उदयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ की पत्नी डॉ। पूनम कुंवर ने वार्ड 17 से जीत हासिल की। कांग्रेस नेता अरुण टांक और ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चंदेल चुनाव जीतने में सफल रहे। कई महत्वपूर्ण वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वार्ड 75 से पूर्व डिप्टी मेयर महेंद्र सिंह शेखावत, वार्ड 76 से भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष कविता जोशी, वार्ड 5 से आकाश वागरेचा और वार्ड 80 से मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड़ विजयी रहे।

अब सभी वार्डों के परिणाम सामने आने के बाद निगम में महापौर पद को लेकर भाजपा के भीतर दावेदारों की सक्रियता बढ़ने की संभावना है।

राजस्थान में तीन निजी औद्योगिक पार्क के लिये 552 एकड़ भूमि आवंटित होगी

जयपुर। राजस्थान में निजी औद्योगिक पार्कों के विकास को गति देने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार की राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

नीति के तहत मॉडल-ए में औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए निवेशकों का अच्छा रुझान देखने को मिला है। दिनांक 15 सितंबर, 2026 को आयोजित ई-बिड प्रक्रिया के पश्चात् दौसा, बालोतरा और धौलपुर में लगभग 552 एकड़ भूमि निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आवंटित किए जाने का रास्ता प्रशस्त हो गया है वहीं इन निजी औद्योगिक पार्कों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए लैंड पार्सल प्राप्त करने हेतु निवेशकों से दिनांक 27 अगस्त से 8 सितंबर, 2026 तक ईएमडी जमा कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। ई-बिड प्रक्रिया में दौसा के राजाहेड़ा, गुड़ा आशीकपुरा एवं नूरपुर के लिए 7, बालोतरा के वेदरलाई के लिए 5 तथा धौलपुर के बिजौली के लिए 2 उद्यमियों ने भाग लिया। ई-बिड में सफल निजी विकासकर्ता को भूमि आवंटित किए जाने के बाद संबंधित क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इन पार्कों में सड़क, जलापूर्ति, विद्युत, ड्रेनेज, वर्षा जल संचयन, स्ट्रीट लाइटिंग सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास निजी विकासकर्ता की जिम्मेदारी होगी। इसके अतिरिक्त, निर्धारित शर्तों के अनुसार औद्योगिक पार्कों में सीईटीपी के लिए ग्रीन इंसेंटिव, कॉमन यूटिलिटी सेंटर तथा प्लग-एंड-प्ले कार्यालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

विश्व ओजोन दिवस पर मुख्य सचिव ने किया जन जागरूकता पोस्टर का विमोचन

ओजोन परत पृथ्वी और इस पर जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण प्राकृतिक कवच

जयपुर/एजेंसी। विश्व ओजोन दिवस के अवसर मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक कवच है। इसके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर किए गए प्रयास यह दर्शाते हैं कि विज्ञान आधारित नीतियों, प्रभावी क्रियान्वयन और सामूहिक भागीदारी के माध्यम से बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान संभव है।

उन्होंने कहा कि आज ओजोन संरक्षण को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर देखने की आवश्यकता है। बढ़ते तापमान और शीतलन की बढ़ती जरूरत के बीच ऐसी तकनीकों एवं प्रणालियों को बढ़ावा देना जरूरी है, जो ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालें। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों, उद्योग जगत, तकनीकी विशेषज्ञों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों से जोड़कर ही व्यापक बदलाव लाया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि मॉन्ट्रियल कन्वेंशन के बाद से ही पर्यावरण रक्षा के गंभीर प्रयास जारी है। ओजोन दिवस का संदेश केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे आमजन के दैनिक जीवन और व्यवहार का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

अध्यक्षा, आरएसपीसीबी- सतत शीतलन को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता- कार्यक्रम में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अपर्णा अरोरा ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण केवल एक वैश्विक पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से सीधे जुड़ा विषय है। वर्तमान में बढ़ते तापमान के कारण शीतलन की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण अनुकूल शीतलन तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। श्रीमती अरोरा ने कहा कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ जन-जागरूकता को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:- http://www.ireps.gov.in, 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:- 06.10.2026 को 15.00 बजे तक, 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:- 06.10.2026 को 15.00 बजे के बाद. निविदा संख्या:- GSUELECTG-16/2026-27, कार्य का विवरण:- Electrical work in connection with (a) Construction of 01 no. pit line with associated facilities at Barmer. (b) Essential infrastructure facilities for SPART, BME and allied facilities at Barmer. (c) Construction of 2nd New pit line at Barmer. अनुमानित लागत रूपये:- Rs. 115752462.69, विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

1336-DO/26

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.स. इंजी. उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु सुयोग्य ई निविदायें आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नामः- जोधपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे के DSTE/JU के अनुभाग में विभिन्न सिग्नलिंग परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं प्रतिस्थापन कार्यों से संबंधित S&T संबंध कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागतः- रुपये 81,92,084/- (RO), 3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः- वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जौशी मार्ग जोधपुर, 4. बयाना राशि (Bid Security):- रुपये 1,63,900.00/-, 5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः- 06.10.2026 को 15.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस पर 15.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। 6. वेब साईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सके। एवं खरीद की जा सके। www.ireps.gov.in नोटः- यह एक ई टेण्डर है इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डाले।

1337-DO/26

उत्तर पश्चिम रेलवे

सूचना-शुद्धिपत्र संशोधन पत्र सं. 3

संदर्भः RFP सूचना सं. NWR/SC/JU/26-27/EPC-II/01 दिनांक 14.08.2026, कार्य का नामः उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेलवे स्टेशन के प्रमुख पुनर्विकास के शेष कार्यों का निष्पादन (इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन – EPC)। उपरोक्त RFP के संबंध में शुद्धिपत्र संशोधन पत्र सं. 3 जारी किया गया है। उक्त शुद्धिपत्र में मुख्यतः अनुसूची-G के अंतर्गत भुगतान चरण के प्रतिशत भारांक में संशोधन, अनुसूची-Q के अंतर्गत वित्तीय बोली प्रस्तुत करने संबंधी संशोधन/स्पष्टीकरण तथा FOB/एयर कॉनकोर्स गर्डर्स के थर्ड पार्टी निरीक्षण (TPI) संबंधी प्रावधानों का समावेश किया गया है। विस्तृत शुद्धिपत्र संशोधन पत्र सं. 3 उपलब्ध है। सभी बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व विस्तृत शुद्धिपत्र का अवलोकन करने की सलाह दी जाती है। मूल निविदा की अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

कृते मुख्य अभियंता/निर्माण/मुख्यालय जयपुर

1341-DO/26

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएनः U64990HR2016PTC057984

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 2009-14, 20वाँ तल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फकोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 58, गुरुग्राम (हरियाणा)- 122011

अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ द्वितीय आगामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु आगामी बिक्री सूचना के लिए ई-नीलामी।

एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं)/सह-उधारकर्ताओं/गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा 15-05-2026 को मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। प्रतिभूत/बंधक परिसंपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ भी है, जैसी है" तथा "वहां जो कुछ भी है" आधार पर की जाएगी। सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरणः

आवासीय संपत्ति का वह संपूर्ण भाग एवं भूखंड, जिसका प्लॉट नं. 46 एवं 47 है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2,000 वर्ग फीट है तथा जो खसरा संख्या 2/2 का हिस्सा है। यह संपत्ति "महालक्ष्मी नगर", ग्राम आवंली, उप-तहसील मंडाना, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान में स्थित है। **संपत्ति की सीमाएंः- पूर्वः** प्लॉट नं. 45, **पश्चिमः** प्लॉट नं. 48, **उत्तरः** प्लॉट नं. 56 एवं 57, **दक्षिणः** 30 फीट चौड़ी सड़क।

उधारकर्ता /ओं एवं गारंटर / रों के नाम एवं पते	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धराज जमा की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धराज 3. बोली वृद्धि
1. मनीष कुमार नागर पुत्र छित्तर लाल (ऋणधारक) पताः करनवास, झालावाड़, राजस्थान - 326035, अन्य पताः शिवपुरा चौराहे के पास, रावतभाटा रोड, कोटा, राजस्थान - 324009, 2. मीनाक्षी नागर पत्नी मनीष कुमार नागर (सह-ऋणधारक), पताः वार्ड नं. 6, करनवास, झालावाड़, राजस्थान - 326035 लैन नं.: LXBHL02921-220012965 ऋण अनुबंध की तिथिः 31.03.2023 ऋण राशिः रु. 21,00,000/- किंतु संवितरित राशि रु. 14,40,435/- कुल देय बकाया राशि रु. 18,17,991/- दिनांक 14-मई-2026 के अनुसार+15-मई-2026 से भावी ब्याज एवं अन्य प्रभार।	1) नीलामी तिथिः 07.10.2026 को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे के मध्य, असीमित 5 मिनटों के विस्तार सहित 2) केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 05.10.2026 को सायं 5:00 बजे तक है। 3) निरीक्षण की तिथिः 01.10.2026 को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे (आईएसटी) के मध्य	आरक्षित मूल्यः रु. 8,37,360/- धरोहर राशि जमाः रु. 83,736/- बोली वृद्धि रु. 10,000/- और ऐसे गुणकों में।

नीलामी के नियम और शर्तें

ऑनलाइन ई-ऑक्शन बिक्री के लिए बोली से जुड़े दस्तावेज, घोषणा-पत्र और सामान्य नियम व शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदातागण सपोर्ट नंबर 7291981124, 25, 26 पर संपर्क कर सकते हैं या श्री भाविक पांड्या (8866682937) से बात कर सकते हैं। सपोर्ट ईमेल आईडीः support@bankeauctions.com (सर्विस प्रोवाइडर सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) या auction@ummeedhfc.in है। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी प्रश्न के लिए उम्मीद हाउसिंग फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से 18002026127 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी की निर्धारित तिथि और समय पर या उससे पहले, उम्मीद हाउसिंग फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, खाता सं. 50200021387303, आईएफएससी- HDFC0003906 के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी की राशि जमा करनी होगी।

दिनांकः 17-सितंबर-2026
स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
टोल फ्री नं. 1800-2026-127 पर संपर्क करें
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएनः U64990HR2016PTC057984

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 2009-14, 20वाँ तल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फकोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 58, गुरुग्राम (हरियाणा)- 122011

अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ द्वितीय आगामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु आगामी बिक्री सूचना के लिए ई-नीलामी।

एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं)/सह-उधारकर्ताओं/गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा 07-05-2026 को मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। प्रतिभूत/बंधक परिसंपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ भी है, जैसी है" तथा "वहां जो कुछ भी है" आधार पर की जाएगी। सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरणः

संपत्ति का वह संपूर्ण भाग एवं भूखंड, जो पट्टा संख्या 18, बही संख्या 63, संकल्प संख्या 03, दिनांक 20-10-2022 के अंतर्गत पंजीकृत है, जिसकी आरजी संख्या 688 तथा क्षेत्रफल 720 वर्ग फीट है। यह संपत्ति ग्राम रावरदा, ग्राम पंचायत रावरदा, पंचायत समिति बेगूं, तहसील-बेगूं, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान में स्थित है। **संपत्ति की सीमाएंः- उत्तरः** आम रास्ता, **दक्षिणः** पिस्ता मेघवाल, **पूर्वः** प्यार चंद, **पश्चिमः** पिस्ता।

उधारकर्ता /ओं एवं गारंटर / रों के नाम एवं पते	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धराज जमा की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धराज 3. बोली वृद्धि
1. लक्ष्मण रेगर पुत्र मांगी लाल रेगर (उधारकर्ता) 2. कंचन देवी पत्नी लक्ष्मण रेगर (सह-उधारकर्ता) 3. मांगी लाल पुत्र खाना लाल (गारंटर), उपरोक्त सभी निवासी- रावरदा, बेगूं, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312023 लैन नं.: LXCGH04122-230022243 ऋण अनुबंध की तिथिः 30.01.2023 ऋण राशिः रु. 4,40,000/- कुल देय राशिः रु. 6,67,254/- दिनांक 05-मई-2026 के अनुसार+ 06-मई-2026 से भावी ब्याज एवं अन्य प्रभार।	1) नीलामी तिथिः 07.10.2026 को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे के मध्य, असीमित 5 मिनटों के विस्तार सहित 2) केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 05.10.2026 को सायं 5:00 बजे तक है। 3) निरीक्षण की तिथिः 01.10.2026 को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे (आईएसटी) के मध्य	आरक्षित मूल्यः रु. 4,16,745/- धरोहर राशि जमाः रु. 41,675/- बोली वृद्धि रु. 10,000/- और ऐसे गुणकों में।

नीलामी के नियम और शर्तें

ऑनलाइन ई-ऑक्शन बिक्री के लिए बोली से जुड़े दस्तावेज, घोषणा-पत्र और सामान्य नियम व शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदातागण सपोर्ट नंबर 7291981124, 25, 26 पर संपर्क कर सकते हैं या श्री भाविक पांड्या (8866682937) से बात कर सकते हैं। सपोर्ट ईमेल आईडीः support@bankeauctions.com (सर्विस प्रोवाइडर सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) या auction@ummeedhfc.in है। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी प्रश्न के लिए उम्मीद हाउसिंग फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से 18002026127 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी की निर्धारित तिथि और समय पर या उससे पहले, उम्मीद हाउसिंग फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, खाता सं. 50200021387303, आईएफएससी- HDFC0003906 के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी की राशि जमा करनी होगी।

दिनांकः 17-सितंबर-2026
स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
टोल फ्री नं. 1800-2026-127 पर संपर्क करें
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांकः- 891-899 दिनांकः- 03/09/2026

ई-निविदा सूचना सं. 09/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड सरदारशहर के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल 02 कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov. in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan. gov.in तथा sppp.raj.nic. in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A2621 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

Sn.	UBN No.	Sn.	UBN No.
1	PWD2627WSOB11614	2	PWD2627WSOB11617

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

DIPR/C/15779/2026

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)